NEWS इन ब्रीफ

### एसपीएल टूर्नामेंट के लिए रजिस्ट्रेशन 3 मई से शुरू

**मुरी।** हिंडालको मुरी में ऐतिहासिक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सामू प्रीमियर लिग का आयोजन शीघ्र ही किया जा रहा है । जिसका पंजीयन आगामी 3 जून एवं 4 जून को सिल्ली स्टेडियम परिसर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। अतः सिल्ली विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील किया गया है कि आधार कार्ड के साथ ससमय स्टेडियम परिसर में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा ले। विदित हो कि सिल्ली विधायक आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के द्वारा इस वर्ष भी एस पी एल 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी बड़े जोर शोर से की जा रही है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य नीतीश कुमार ने दिया।

### भीषण गर्मी में जल मीनार से पानी निकलना बंद

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड अंतर्गत सिंगपुर लोहरा बस्ती मे तीन साल पहले एक जल मीनार लगाया गया था जिससे 20 से 22 परिवारों को पानी मिल सके लेकिन गर्मी का मौसम आने के पहले ही जल मीनार से पानी निकलना बंद हो जाता है। इस गांव मे एक चापाकल भी है लेकिन वह भी काम नहीं करता है। बस्ती के लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए कडाके की धुप मे इधर उधर भटक रहे है। ग्रामीणों का कहना है की जल मीनार बैठाने के बाद एक बार भी यहाँ के जनप्रतिनिधि जांच के लिए नहीं आते है कि गांव मे पानी मिल रहा है की नहीं,सिर्फ दिखावा के लिए यह जल मीनार लगाया गया है।तीन सालों से इस जल मीनार का यही हाल है। इस बस्ती मे पानी की सही व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान है।

### जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

**मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी के द्वारा रेलवे प्लेटफार्म में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जीआरपी के थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने यात्रियों को सचेत करते हुए कहा कि यात्रा सुरक्षित तरीके से करें। किसी अनजान व्यक्ति का दिया हुआ खाद्य पदार्थ को ना खाएं। यात्रा के दौरान किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन ना करें और दूसरे को भी ना करने दें। इसी क्रम में छोटा मुरी रेलवे बाजार में भी जागरूकता अभियान के तहत सभी दुकानदारों से अपील किया कि नशीला पदार्थ ना बेचे। 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को बीड़ी तंबाकू तथा गुटका न बेचे। उन्होंने यह भी बताया कि नशीले पदार्थ का सेवन करने से शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। इस मौके पर जीआरपी के सहायक अवर निरीक्षक यमुना राम, अनिल मरांडी, अशोक रविदास आरपीएफ के अवर निरीक्षक पवन कुमार सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार, मानिक दत्ता समेत दर्जनों यात्री मौजूद रहे।

# नगर परिषद ने निकाली झोला रैली, लोगों को किया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** पर्यावरण दिवस को लेकर शहर में तैयारी शुरू कर दी गई है। सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नगर परिषद की टीम झोला रैली के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। यह प्रयास लोगों को पसंद भी आ रहा है। इसके तहत बड़ी रैली के माध्यम से लोगों से अपील की जा रही है कि पॉलीथिन छोड़कर, झोला उठाएं। नगर परिषद से बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, फुटपाथ विक्रेता और आम लोगों ने हाथ में कपड़े का थैला लेकर बाजार के बीच सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। रैली निकाल रहे लोगों ने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे जब भी बाजार जाएं तो साथ में एक कपड़े का थैला लेकर जरूर निकले। रैली की शुरूआत नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। संजय कुमार ने कहा कि कपड़े की थैली का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ही हमें पॉलिथीन की आदत से मुक्ति दिला सकती है।उन्होंने झोला रैली में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को इस अनूठे आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि नगर परिषद और जेएसएलपीएस से संबद्ध स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण अनुकूल उत्पाद जैसे कपड़े के थैले, कागज के ठोंगे आदि बनाती हैं तो नगर परिषद उनकी मदद करेगी। कहा कि स्वयं सहायता समूहों को नगर परिषद प्रबंधन इसके लिए ऋण उपलब्ध करवाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि थैला रीयूज का सबसे अच्छा उदाहरण है। संजय कुमार ने शहर के नागरिकों से अपील की कि वे जब भी बाजार जाएं तो कपड़े का झोला जरूर साथ में लेकर जाएं।

### चोरों ने नगदी समेत कई महंगे सामान लेकर भागे

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो आजाद नगर मुख्य मार्ग के समीप अल सफा आइसक्रीम पार्लर में चोरों ने बुधवार की रात लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ किया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मानगो थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। वही 3 महीने के अंदर अल सफा आइसक्रीम पार्लर में चोरों ने दूसरी बार हाथ साफ किया है।इस बार चोरों ने सीसीटीवी कैमरा एवं डीवीआर सहित कई महंगे सामान एवं नकद पर हाथ साफ किया है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वही जांच करने आए पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि छत के रास्ते चोर दुकान में प्रवेश किए हैं और चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं इस घटना के संदर्भ में दुकान के मालिक मोहम्मद शकील अनवर ने कहा कि एक लाख से अधिक मूल्य का सामान एवं नकद चोर अपने साथ ले गए हैं।

### बुनकर जोड़ो मालेगांव में शामिल होंगे अनवार अहमद



रांची। भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दी छोटनगपुर हैंडलूम एंड खादी वीवर्स लिमिटेड के चेयरमैन और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी महाराष्ट्र के मालेगांव जा रहे है। कांग्रेस के अल्पसंखयक विभाग के केंद्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस बुनकर सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे, इस से पहले 29.05.2023 को राँची के इरबा में भारत जोड़ो बुनकर संवाद की शुरूआत हुई थी। कांग्रेस बुनकरों को जोड़ने के लिए व उनके समस्याओं को हल करने के लिए बुनकरों से संवाद एवम सम्मेलन कार्यक्रम कर रही है। अनवार अहमद अंसारी ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने उन्हें भारत जोड़ो - बुनकर संवाद एवं सम्मेलन में शामिल होने के लिएविशेष तौर पर आमंत्रण भेजा है।

### पदाधिकारी/कर्मियों ने बेहतर भविष्य की दी शुभकामनाए



**रांची।** गुरुवार को अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कार्यालय में होमगार्ड श्री अवधेश कुमार दुबे की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) श्री राजेश्वर नाथ आलोक, कार्यालय प्रधान लिपिक, श्री अभिषेक कुजूर, बीरेंद्र कुमार, महीउद्दीन अंसारी, अशोक कुमार वर्मा, पंकज कुमार, मो. एहसान अंसारी, सागर नाथ महतो, श्रीमती प्रमिला कुमारी ने सेवानिवृत्त श्री अवधेश कुमार दुबे को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्री राजेश्वर नाथ आलोक ने श्री अवधेश कुमार दुबे को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) श्री राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने श्री अवधेश कुमार दुबे के साथ अपने कायार्नुभव साझा किये। श्री अवधेश कुमार दुबे 29 वर्ष की सेवा के पश्चात आज सेवानिवृत्त हुए। श्री अवधेश कुमार दुबे ने भी सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

### रीड्यूज, रियूज एवं रिसाईकल के फॉर्मूर्ल को अपनाने की अपील

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मे स्वछता के ब्रांड एम्बेसडर पप्पू सरदार द्वारा जमशेदपुर अक्षेस एवं जुस्को के सहयोग के साथ साकची बाजार मे एक खास मुहीम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मुहीम के तहत रीड्यूज, रियूज एवं रिसाईकल के फॉमूर्ले को अपनाने की अपील की जा रही है, इसके तहत देश भर मे आर.आर.आर सेंटर्स खोले गए हैं, जमशेदपुर शहर भर मे 40 स्थानों पर ये सेंटर्स उपलब्ध है। घर मे इस्तेमाल नहीं होने लायक तमाम सामानो को लोग इन सेंटर मे जमा करवा सकते हैं, जिसमे पुराने किताब, कपड़े, खिलौने, खाली प्लास्टिक एवं कांच के डब्बे, खराब इलेक्ट्रोनिक गजेट्स समेत ऐसा कोई भी सामान जो लोग कूड़े मे डालना चाहते हो। उन सामानो को इन सेंटर मे लोगों को जमा करवाना होगा, जिसमे इस्तेमाल होने वाले सामानो को जरुरतमंदो को उपलब्ध करवाया जायेगा और बाकि को रिसाईकल किया जायेगा।

# खूंटी में नई चेसिस ने फोर्स क्रूजर गाड़ी को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र अंतर्गत तजना नदी के पास गुरुवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि वाहन पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सेरेंगहातू (अड़की) से सवारी लेकर खूंटी आ रही फोर्स क्रूजर गाड़ी को नई चेसिस के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी और वाहन को लगभग बीस मीटर तक घसीटकर ले गई। तजना नदी के पास फोर्स गाड़ी पलट गई, जिसमें दबकर वाहन चालक भरत मल्हार (45) और उसके पुत्र अभिराम मल्हार (20) की मौत हो गई। बताया गया है कि भरत अपनी फोर्स गाड़ी चलाता था



और उसका बेटा खलासी का करता था। गुरुवार को दोनों सवारी लेकर सेरंगहातू से खूंटी जा रहे थे। सवारी उठाने के लिए उसने सड़क किनारे गाड़ी रोकी। इस बीच नई चेसिस ने उसे टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि वाहन पर सवार दयाल हस्सा और उसकी पत्नी सोम्बारी हस्सा घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन पर सवार छह महीने के एक बच्चे को खरोंच तक नहीं आई। वाहन का एक अन्य खलासी भी सुरक्षित है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बिजली तार के चपेट में आने से पत्नी की मौत

**सरायकेला-खरसावां। डुमरा** पंचायत के पालूबेड़ा रमायगोड़ा टोला में संजय मार्डी के घर की बाउंड्री में हाथी से बचने के लिए लगाए गए बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से उसकी पत्नी रेशमी मार्डी की मौत हो गयी। वह सुबह उठकर शौच के लिए जा रही थी। जब घर की अन्य महिलाओं ने उसे देखा तो बचाने गयीं, जहां उन लोगों को भी बिजली का झटका लगा। हो हल्ला होने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता रेशमी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### मॉडल ने वायरल की मेरी न्यूड फोटो, ब्लैकमेल किया

# लव जिहाद के आरोपों पर तनवीर का पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची मॉडल लव जिहाद केस में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पीड़िता और आरोपी के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है। मॉडल के जबरन धर्म परिवर्तन, शादी का दबाव बनाने, अश्लील वीडियो के सहारे ब्लैकमेल करने सहित मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों पर अब आरोपी तनवीर अख्तन खान उर्फ यश ने सामने आकर जवाब दिया है। मॉडल द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए तनवीर खान ने कहा कि लड़की उनकी कंपनी में नौकरी करती थी और बिजनेस में काफी नुकसान करवा दिया था। जब मैंने हजार्ना मांगा तो उसने ऐसे आरोप लगा दिया। उलटा तनवीर ने ही मॉडल पर उसकी न्यूड फोटो वायरल करने का आरोप लगा दिया है। तनवीर



ने यह भी आरोप लगाया है कि पीड़िता उसकी कंपनी का डाटा चुराकर इस्तेमाल करना चाहती थी। आरोपी तनवीर अख्तर खान ने एक वीडियो जारी किया है। 1।30 मिनट लंबे इस वीडियो में तनवीर कहता है कि मेरे ऊपर लव जिहाद और प्रताड़ित करने का जो आरोप लगाया गया है वह बेबुनियाद है। लड़की मेरी कंपनी में काम करती थी। उसने बिजनेस में मेरा नुकसान करा दिया। जब मैंने इसका हजार्ना मांगा तो उसने मुझे ही ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बकौल तनवीर, लड़की ने मेरी न्यूड फोटो मेरे परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिया। मेरे फॉलोअर के बीच भी मेरी न्यूड फोटो वायरल कर दी लेकिन मैंने कोई कार्रवाई नहीं की। तनवीर ने आरोप लगाया है कि मॉडल के इस काम में उसके ब्वॉयफ्रेंड रवजोत सिंह और राहुल ने मदद की। तनवीर ने पीड़िता पर कंपनी का डाटा चुराने का भी आरोप लगाया है। उसने कहा कि मेरे पास 60 हजार से ज्यादा देशी और विदेशी मॉडल का डाटा है। पीड़िता उसे चुराकर उसका इस्तेमाल करना चाहती थी। मेरे 200 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट हैं जिनके जरिए ब्रांड का प्रमोशन किया जाता था, लड़की ही उसे हैंडल करती थी। उसने कहा कि सभी आरोप झूठे हैं।

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाल कर जताया गया विरोध

# दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वालों पर तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में उबाल है। घटना के खिलाफ बगोदर, बिरनी और सरिया थाना क्षेत्र के एक समुदाय के लोगों में रोष है। इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। बुधवार को लोगों के द्वारा तीनों प्रखंडों में मशाल जुलूस निकालकर घटना पर एतराज जताया गया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई। बता दें कि बिरनी थाना क्षेत्र के एक गांव में 28 मई की रात एक कुएं में नाबालिग मिली थी। उसे कुआं से निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान थोड़ी देर में ही उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद नाबालिग के परिजनों ने बिरनी



थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसमें चार लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। अभियुक्त के खिलाफ गैंगरेप के बाद नाबालिग की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। इसमें एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग:** लेकिन दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की इस वारदात से इलाके में उबाल है और लोगों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से घटना का विरोध किया जा रहा है और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने भी घटना का विरोध किया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की छानबीन और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मशाल जुलूस कार्यक्रम में राजू सिंह, पटेल बजरंगी, विवेक भागवत, समय सिंह, शशि महतो, सचिन मंडल आदि शामिल थे।

**अभियान** नशामुक्ति को लेकर दो माह तक चलेगा जागरूकता अभियान

# पोस्टर-बैनर से दिया तंबाकू मुक्त वातावरण का संदेश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। टोबैको फ्री यूथ कैंपेन की शुरूआत की गई है। जो अगले दो माह तक चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। ताकि लोगों को इससे होने वाली बीमारियों के बारे में पता चले और लोग सचेत होकर तंबाकू के प्रयोग को छोड़ सकें। इस वर्ष इस अभियान की थीम 'हमें खाने की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं' रखा गया है। सिमडेगा को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए विगत बुधवार को टोबैको फ्री यूथ कैंपेन की शुरूआत हुई। सिमडेगा को तंबाकू मुक्त जिला बनाना है इसी को अपना मूल मंत्र मानकर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग ने जिले में टोबैको फ्री कैंपेन की शुरूआत की। तंबाकू मुक्त जागरुकता रैली से इस कैंपेन की




शुरूआत की गई। सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से सिविल सर्जन नवल कुमार और जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर पद्म प्रकाश शाह ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली में शामिल लोगों ने पूरे शहर का चक्कर लगाकर तंबाकू के विरुद्ध जागरूक किया। इसके बाद इस अभियान को लेकर सिमडेगा में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। तंबाकू के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए सिमडेगा समाहरणालय से जागरुकता रथ को रवाना किया गया। जिसे डीडीसी, सिविल सर्जन और अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा एएनएम स्कूल में पोस्टर कैंपेन का आयोजन किया गया। जिसमें तंबाकू से होने वाले नुकसान और इसे रोकने के तरीकों पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही समाहरणालय और सदर अस्पताल परिसर में सभी को तंबाकू प्रयोग नहीं करने और तंबाकू नियंत्रण में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। बताया गया कि इस कैंपेन के दौरान लगातार दो महीने तक तक तंबाकू के खिलाफ तरह तरह के कार्यक्रम चलाए जाएंगे और सिमडेगा को तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा।

### होमगार्ड अवधेश कुमार दुबे सेवानिवृत्त

**रांची।** गुरुवार को को अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कार्यालय में होमगार्ड अवधेश कुमार दुबे की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, कार्यालय प्रधान लिपिक, अभिषेक कुजूर, बीरेंद्र कुमार, महीउद्दीन अंसारी, अशोक कुमार वर्मा, पंकज कुमार, मो. एहसान अंसारी, सागर नाथ महतो, प्रमिला कुमारी ने सेवानिवृत्त अवधेश कुमार दुबे को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने अवधेश कुमार दुबे को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने अवधेश कुमार दुबे के साथ अपने कार्य अनुभव साझा किये। अवधेश कुमार दुबे 29 वर्ष की सेवा के पश्चात आज सेवानिवृत्त हुए। अवधेश कुमार दुबे ने भी सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए।

### बीडीओ के गोद लेते ही बदलने लगी टुमांगकोचा गांव की तस्वीर

# मेगा मेडिकल कैंप आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल स्थित मुसाबनी प्रखंड के अत्यंत पिछड़े इलाके टुमांगकोचा गांव को मुसाबनी बीडीओ सीमा कुमारी ने पिछले सप्ताह गोद लिया था। अब यहां विकास की योजनाएं धरातल पर उतरने लगी हैं। गांव में मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन कर बच्चे, महिला-पुरुषों के स्वास्थ्य की जांच की गई। आवश्यकतानुसार चिकित्सकों ने ग्रामीणों को दवा दी। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले 20 बच्चों को पौष्टिक भोजन कराया गया। बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए निजी खर्च पर ड्रेस बनवाने की पहल भी तेज कर दी है। वे अपने साथ मुसाबनी बाजार से टेलर मास्टर को भी साथ ले गई थी। जिसने शिविर में ही बच्चों के ड्रेस की मापी ली। इस दौरान जिन जिन लोगों का आधार व राशन कार्ड नहीं बन पाया था, उनका भी राशन व आधार



कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।इस अवसर पर जन वितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। बुधवार को दीदी बाड़ी योजना का लाभ दिलाने के लिए लाभुकों का चयन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए बीडीओ ने अपने स्तर से एक शिक्षक की बहाली की है। जिसका मानदेय का भुगतान वे स्वयं करेंगी। कुमार वर्णवाल, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। सुंदर लाल मार्डी, डॉ। ज्योति कुमारी, एमजीएम के कुमार विमल, कुबेर सेतुआ, मनीष कुमार, देवानंद प्रसाद, गोपाल कुमार पांडेय, आयुष्मान मित्र राजू बेरा, बीपीएम सूरज पूर्ति एएनएम पूर्वी महाली, गीता रानी महतो, एमपीडब्ल्यू मृगांगो भगत, धनंजय सीट आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बरही में लगे 50 लाख का चार वाटर एटीएम, हुआ बेकार, विभाग मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जनता को सस्ते और शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 2019-20 में प्रखंड मुख्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल, थाना और अनुमंडल मुख्यालय परिसर सहित चौपारण थाना व प्रखंड परिसर में कुल छह वाटर एटीएम स्थापित किए गए थे। परंतु करीब साढ़े तीन वर्ष बाद भी किसी एटीएम से एक बूंद पानी नही गिर सका है। एक रुपए प्रति लीटर शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने वाला यह वाटर एटीएम बिना चालू हुए ही बीमार है । कई स्थानों पर तो इसके सिस्टम भी खराब हो चुके है या टूट गए है।

**नही है किसी को खबर :** यह एटीएम काउंटर कहां से बना, कौन लगाया, इसकी देखरेख कौन विभाग करेगा, कब चालू होगा आदि सभी एक रहस्य है । मामले के संबंध में बीडीओ सी आर इंदीवर ने बताया कि वह स्वयं इसकी जानकारी ले रहे है। इस संबंध में उपायुक्त और पीएचडी से भी शिकायत किया गया है। परंतु अब तक किसी की भी प्रकार की जानकारी नही मिली है। फोंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने लिया था ठेका छान बीन करने के बाद पता चला कि वाटर एटीएम लगाने का जिम्मा फोंट्स प्राइवेट लिमिटेड तुपुदाना रांची ने लिया था । प्रोप्राइटर दीपक कुमार ने बताया कि एक वाटर एटीएम के लिए करीब आठ लाख रुपए में स्थापित किए गए थे । बरही अनुमंडल ने छह स्थान के लिए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उन्हे पचास लाख रुपए उपलब्ध करवाए थे । सभी स्थान पर वाटर एटीएम स्थापित भी किया गया था । परंतु सभी एटीएम प्रशासनिक उपेक्षा और सियासी जंग के कारण उद्घाटन नही हो सका । परिणामतः आज तक वाटर एटीएम काउंटर प्रारंभ नही हो सके है और वाटर एटीएम काउंटर की योजना अधर में लटक गया । अब तक कई एटीएम काउंटर भी खराब हो चुके है, कही बोरिंग तो कही पुर्जे भी चोरी हो चुके हैं । जानकारी के अनुसार प्रत्येक काउंटर पर डीप बोरिंग के साथ वॉटर फिल्टर के साथ आरओ लगाए जाने थे। फिलहाल यह भी रहस्य है कि एटीएम काउंटर में मशीन भी लगाए गए थे या सिर्फ खानापूर्ति, जिसकी वजह से सिस्टम चालू नही हो सका है।

**शीघ्र ही चालू करवाया जायेगा :** इस योजना के संवेदक दीपक कुमार ने बताया कि मामका प्रकाश में आया है, शीघ्र ही सभी वाटर एटीएम काउंटर प्रारंभ किये जायेंगे।

**पूर्व विधायक ने कहा :** योजना के संबंध में पूर्व विधायक ने कहा कि जनहित के योजनाओ को नजरंदाज करना समझ से परे है । सत्तासीन विधायक और नेता लूट खसोट में लगे है। वाटर एटीएम स्थापित होने के बाबजूद कमीशन नही मिलने के कारण अधिकारियो और विधायक ने उद्घाटन नही होने दिया । जो उन्हे खेद है। उन्होंने कहा कि आज पानी के लिए त्राहिमाम मचा है, परंतु शुद्ध और सस्ता पेयजल उपलब्ध करवाने वाले काउंटर उद्घाटन के अभाव में वर्षो से पड़ा है। अधिकारी और विधायक को इसकी जानकारी तक नही है, हास्यास्पद है । वर्तमान विधायक ने कहा वाटर एटीएम के संबंध में वर्तमान विधायक ने अनिभिज्ञता जताते हुए आरोप को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आज तक न ही संवेदक और न ही अधिकारी ने संपर्क किया है। किसी जनता की भी शिकायत नही आई है। पूरी जानकारी लेकर इस कार्ययोजना को मूर्त रूप देने का काम करूंगा।




# चुट्टूपालू घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना

## ट्रेलर ने 5 गाड़ियों में मारी टक्कर, 5 घायल, 2 की हालत गंभीर, नेशनल हाईवे जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मौत की घाटी के नाम से कुख्यात चुट्टूपालू घाटी में एकबार फिर भीषण हादसा हुआ है। एक ट्रेलर ने पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर बीच सड़क पर ही पलट गया। जिससे हाईवे पर परिचालन बाधित हो गया है। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए। जिसमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुर्घटना में 4 लोग अभी घायल हैं, जिनमें से 3 लोगों को रांची बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। दुर्घटना के 5 घंटे तक पूरी तरह घाटी से आवागमन दोनों ओर रामगढ़ से रांची और रांची से रामगढ़ बाधित रहा। 5 घंटे बाद सड़क पर बिखरे सरिया को रेस्क्यू टीम और रामगढ़ पुलिस ने हटा कर सड़क का वनवे चालू किया अभी वनवे से वाहनों का आवागमन चल रहा है दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सरिया को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए उपाय पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं।



### सड़क पर बिखरा सरिया

दुर्घटना के बाद ट्रेलर में लदा सरिया 100 मीटर तक सड़क के दोनों ओर बिखर गया। जिसके कारण सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक, कार सवार और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए रामगढ़ पुलिस ने सदर अस्पताल भेजा, जिसमें बाइक सवार आदमी की इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण है कि सड़क को क्लियर करने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। हजारीबाग से रांची और रांची से हजारीबाग की ओर लगभग 8 किलोमीटर तक सड़क के दोनों लेन में गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

### जाम से लोग परेशान

दुर्घटना के कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। गर्मी में लोगों की हालत खस्ताहाल हो रही है। कई लोग समय पर ऑफिस नहीं जा पाए तो कई लोगों ने कई सवाल भी खड़े किए हैं कि आखिर इतनी भीषण सड़क दुर्घटना हुई है और जिला प्रशासन की ओर से केवल पुलिस को सारी जिम्मेवारी दे दी गई है।

### प्रशासन की लापरवाही

ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित चुट्टूपालू घाटी क्षेत्र काफी खतरनाक जगह है। पिछले 2 महीनों में अब तक इस स्थल में 5 मौतें हो चुकी हैं। बावजूद इसके दुर्घटना को रोकने के लिए एनएचएआई और जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रबंध नहीं किए गए हैं. जिसके कारण लगातार यहां दुर्घटना हो रही है लोगों की जाने जा रही हैं।

### सरिया की लूट

घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्व घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क पर बिखरे सरिया को सैकड़ों लोगों के सामने आराम से चोरी कर गांव की ओर ले जाने लगे। रामगढ़ थाना पुलिस ने उन्हें खदेड़ा कई लोगों को भगाया। बावजूद इसके कई लोग इस दुर्घटना में भी मानवता को छोड़कर अमानवीय कार्य करते हुए दिखे।

### लेट से पहुंची रेस्क्यू टीम

पुलिस ने रेस्क्यू टीम को खबर किया रेस्क्यू टीम एंबुलेंस के साथ आधे घंटे बाद पहुंची। रेस्क्यू टीम के अन्य सदस्य 1 घंटे के बाद पहुंचे। हालांकि पुलिस ने अपने स्तर से दो क्रेन को मंगा कर सड़क पर पलटे हुए ट्रेलर को हटवाया। सड़क के दोनों लेन में पसरे सरिया की वजह से दोनों लेन पर आवागमन पूरी तरह बाधित है। पिछले 3 घंटों से पुलिस सरिया हटाने और जाम को खत्म करवाने का प्रयास कर रही है। बता दें कि दस दिन पहले भी चुट्टूपालू घाटी में भीषण हादसा हुआ था। जिसमें दो ट्रेलरों टक्कर हो गई थी। इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई थी।

## सडक दुर्घटना में मालवाहक चालक घायल, कंटेनर पलटा

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के बेलकप्पी नदी पुल पर तडके दोपहर 3:30 बजे कंटेनर वाहन संख्या एचआर 55 एक्स 0377 का टायर फटने से दुर्घटनाग्रस्त हो कर बीच सडक पर पलट गई। वहीं वाहन चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा चालक को सुरक्षित निकाल कर स्थानीय प्रशासन को सडक दुर्घटना की सूचना दी गई।सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलावस्था में वाहन चालक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा भेजा गया।

## विवाहिता की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रसोईया धमना की फरजाना खातून (१७ वर्ष) पिता मो लतीफ का जगदीशपुर चौपारण में मौत हो गई । मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालो पर हत्या का आरोप लगाया है । परिजनों ने बताया ने मृतिका की शादी 16 मार्च 2023 को हुई थी, जो ससुराल वालो को पसंद नही था । ससुराल वालो ने उसकी हत्या कर आत्महत्या दशार्ने के उद्देश्य से गले में दुपट्टा बांधकर पंखे से लटकाया गया है । मौत के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया था । मौत की सूचना पड़ोसियों ने दिया है । मामले में मृतिका के पति मो शमशाद को गिरफ्तार किया गया है । बरही पुलिस ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का है, जो जांच का विषय है । मामला चौपारण थाना क्षेत्र का है । इसलिए चौपारण थाना को मामला हस्तांतरित किया गया है, प्राथमिकी भी वही दर्ज किए जायेगे । शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेजा गया और गिरफ्तार युवक को चौपारण पुलिस को सुपुर्द किया गया । समाचार लिखे जाने तक किसी ने आवेदन नही दिया था ।

# जमीन मिलने के बाद भी मसोमत सुदामा नही बना पा रही है आवास

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** लंबे इंतजार के बाद वित्तीय वर्ष 20- 21में मलकोको की भूमिहीन विधवा सुदामा देवी को अंबेदकर आवास के लिए पैसे मिला । इसके लगभग दो वर्ष बाद वित्तीय वर्ष 23-24 में अंचल कार्यालय ने मलकोको मौजा अंतर्गत खाता नंबर 50 प्लॉट नंबर 250 का दो डिसमिल जमीन उक्त विधवा के नाम उपलब्ध करवाया । परंतु नसीब ने यहां भी साथ नहीं दिया । जब उक्त जमीन पर मकान निर्माण कार्य चालू किया गया तो गांव के ही अलीबाख्स मियां पिता गुलो मियां ने अपनी जमीन बताते हुए भू निर्माण की सामग्री फेंक दिया । गुरुवार को उक्त महिला ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर एक बार फिर न्याय की गुहार लगाई है । साथ ही यह भी कहा है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष अनुधचितकालीन धरने पर बैठ जायेगी । विदित हो कि महिला पिछले कई वर्षों से गांव के ही सरकारी स्कूल के जर्जर भवन में रह रही है।



## अंतिम संस्कार में भीम आर्मी सेना ने निभाई महती भूमिका, गरीब दलित परिवार का बना सहारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 'जिसका कोई नही उसका खुदा है यारो' यह लोकोक्ति दुलमहा निवासी स्व राजन दास के परिजनों के लिए बिल्कुल फिट बैठता है । जानकारी के अनुसार स्व दास गुजरात के अहमदाबाद जिला के मेसाना में हाय गणेश स्टील प्लांट में काम करता था । जिसका बीते मंगलवार को निधन हो गया था । निर्धनता के कारण परिजन मृतक का शव लाने में असमर्थ थे । कम्पनी का मालिक परिजनों से मृतक को दिए एडवांस की राशि वापस देने के बाद शव देने की बात कह रहे थे । मामले की जानकारी होते ही भीम आर्मी सेना ने मृतक के पिता त्रिभुवन दास से संपर्क कर पूरी जानकारी भीम आर्मी के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र मख्वाना को दिया । संगठन ने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने का काम किया एवं झारखंड सरकार की मदद छः दिन बाद मृतक का शव पैतृक गांव दुलमहा पहुंचा । जहां भीम आर्मी सेना के कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया । इस कार्य के लिए प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष समेत पूरी टीम का अभार जताया है । अंतिम संस्कार में भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सहित जिला सचिव राहुल अम्बेदकर, अनिल कुमार, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, दशरथ रविदास, गोपी दास, किट्टू दास, रामदेव रविदास, डमरू कुमार, अशोक दास आदि उपस्थित थे ।

## थाना में आवेदन देकर मारपीट का लगाया आरोप

**रामगढ़।** शहर की दुसाध मुहल्ला की रहनेवाली अंजली कुमारी पिता बसंत प्रसाद ने थाना मे आवेदन दिया है। आवेदन में बताया है की 31 मई को रात करीब 9:00 बजे आरजू मंसूरी पिता सुल्तान मंसूरी अपने लगभग 8 दोस्तों के साथ मेरे घर घुसकर मेरे साथ मारपीट करने लगा। बताया की आरजू मंसूरी पहले भी उसे अपने साथ दोस्ती करने के लिए दबाव डालता था। अंजली ने आवेदन में बताया की जब वह अपने दोस्तों के साथ मेरे साथ मारपीट कर रहा था तब आसपास के कुछ लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी साथ ही मुझे बचाया। पुलिस आरोपी को ले गई। अंजली कुमारी द्वारा आरोपी पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## सूर्यकुंड में ठंडे पानी,रोप वे समेत अन्य मांगों को लेकर डीसी को मुखिया ने सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी ने विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। सूर्यकुंड धाम में बड़ा चैक डैम निर्माण, ठंडे पानी की व्यवस्था, पर्यटकों के लिए पार्क निर्माण,सूर्यकुंड से निकल रहे गर्म पानी को लिफ्ट कर पानी का रावर बना कर झरना, नहाने की व्यवस्था, रिसोर्ट, कैंटीन तथा अन्य की आवश्यकता को आधुनिक रूप से सुस्जित करना, गोरहर थाना के समीप चडरी पहाड़ पर पार्क निर्माण कर आधुनिक लिफ्ट की व्यवस्था सूरजकुंड तक ,सूर्यकुंड में संस्कृत महा विद्यालय की स्थापना, डाक बंगला ,रेस्ट हाऊस निर्माण को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, रवि गोस्वामी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

**बरही ।** जीटी रोड बिलोतिया मोड़ के पास अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त किया गया । उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुनार सिंह ने दिया । उन्होंने बताया कि तीनो ट्रैक्टर बरही की ओर आ रहे थे, इसी क्रम में तीनो ट्रैक्टर जप्त कर थाना लाया गया और खनन विभाग को अग्रेतर करवाई के लिए सूचित किया गया । मौके पर से तीनो ट्रैक्टर चालक फरार हो गए ।

## बरही प्रेम प्रसंग में युवक की हुई गिरफ्तारी, जेल

**बरही ।** प्रेम प्रसंग मामले में मोनू पांडे पिता जयकिशोर पांडे साकिन तरंगा थाना चन्द्रपुरा जिला बोकारो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु हजारीबाग भेजा गया । जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि लड़की के द्वारा दिए आवेदन पर आईपीसी की धारा 376,366 के तहत बरही थाना में कांड संख्या 254/23 दर्ज किया गया है । आरोपी पर प्रेम में धोखा देने का आरोप है ।

# केरेडारी में बना सीएचसी भवन, खंडहर में तब्दील




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड में बना चार करोड़ का सीएचसी भवन उद्घाटन के बाद से ही बंद है। कोविड काल में इसका ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था। वर्ष 2011-12 में इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण विशेष प्रमंडल से कराया गया था। बड़काआम में 30 बेड वाले इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की छत और दीवार एक दशक के बाद जर्जर होने लगी है। जहां मरीजों का इलाज होना था, वहां शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन गया है. खिड़की में लगे शीशे को तोड़ दिया गया है। भवन बनने से लेकर अब तक विभाग से इसकी कोई सुध नहीं ली गई। आज पूरा भवन जंगल, झाड़ी और खंडहर में तब्दील हो गया है। नतीजतन केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोविड केयर सेंटर में चल रहा है और कार्यालय जर्जर भवन में संचालित है। इसके अलावा यहां कार्यरत डॉक्टर और नर्स पुराने एवं जर्जर भवन में रहने को मजबूर हैं। केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी कहती हैं कि करोड़ों की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभाग की लापरवाही से चालू नहीं हो पाया। केरेडारी प्रखंड में बड़ी-बड़ी कोल कंपनियां खुली हुई है। लेकिन लोगों के इलाज के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। केरेडारी में कई बार सड़क दुर्घटना होती है। सही व्यवस्था नहीं होने के कारण कितने लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु रूप से चालू कराया जाए।

**जनसंपर्क** — भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई हजारीबाग व धनबाद लोकसभा की संयुक्त बैठक

# भाजपा बहुमत से जीतेगी 2024 का चुनाव : दीपक प्रकाश

रामगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश द्वारा निर्देशित महा जनसम्पर्क अभियान के तहत 1 जून को रामगढ़ भाजपा कार्यालय में हजारीबाग एवं धनबाद लोकसभा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि सांसद धनबाद पीएन सिंह, मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल,हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल,धनबाद विधायक राज सिन्हा,पूर्व सांसद गिरिडीह रविंद्र पाण्डे,पूर्व विधायक बरही मनोज यादव,प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज सिंह,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,प्रवक्ता सरोज सिंह,जिला प्रभारी रामगढ़ शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,पूर्व प्रत्याशी झरिया रागिनी सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा मौजूद थे । अतिथियों ने संयुक्त रूप से महापुरुषों की तश्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की । कार्यक्रम का विषय प्रवेश प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज सिंह,मंच संचालन खिरोधर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक यादव ने किया। मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने संयुक्त बैठक में उपस्थित दोनो लोकसभा के पांच जिले क्रमशः रामगढ़,हजारीबाग,बोकारो,धनबाद ग्रामीण तथा धनबाद महानगर की टोलियों के 8 सदस्यीय पदाधिकारियों और सभी उपस्थित पांचों जिले के जिलाध्यक्ष एवं प्रभारियों को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी पुराने और वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ हीं आम जनता को केंद्र द्वारा निर्धारित महा-सम्पर्क अभियान से जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा की आज भाजपा की मूल ताकत उनके समर्पित कार्यकर्ता ही है। जिनके बदौलत हम मात्र दो सीट से तीन सौ तीन सीटों के बहुमत वाले आंकड़ों के साथ सरकार बनाने में सफल हुए और देशहित में कई निर्णय लिए गए जिसके कारण आज भारत विश्वशक्ति बनकर उभरा है जिसकी तारीफ विश्व के ताकतवर देश भी करते है। उन्होंने दोनो लोकसभा के सभी पांच जिलाध्यक्षों से महा-संपर्क अभियान की तैयारियों का वृत्त लेते हुए चयनित सभी जिला टोलियों में उन्हीं कार्यकताओं को दायित्व देने का निर्देश दिया जो एक महीना पूर्ण रूपेण पार्टी को समय देने के साथ समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाते हों।



# श्याम बाबा की निकाली गयी निशान यात्रा, ताली कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया ।** श्याम मंदिर पानी टंकी रोड में गुरूवार को बारस को लेकर बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर अखंड ज्योत में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। मौके पर खीर चुरमा का भोग लगाया गया। मंदिर कमिटि के सज्जन खेतान ने बताया कि खाटु नरेश की पूजा कलयुग में घर-घर में हो रही है। इधर देर शाम ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर तन्मय लडढा ने हजारी लिखवाता हूॅ हर बारस को तनखा मिलती है बारस को , दो दिन के बदले 30 दिनों की मौज करू अपने ठाकुर की सेवा भजनों से करूँ, बबलु सिंह ने दरबार हजारों है ऐसा दरबार कहाॅ है, सुरेश गुप्ता ने हे नाथ नारायण बासुदेवा, मनोज पिलानियाॅ ने तेरे दर पर आ के मुझे क्या मिला है, हिमांशु केडिया ने मेरी लाज है बाबा तेरे हाथ है। बिनोद चौरसियास ने जनम जनम का साथ है हमारा तुम्हारा, हार्दिक लडढा दरबार में आकर, नवीन सिन्हा ओ बाबा इतनी कृपा मेरी पर बनाये रखना है तु खाटु बुलाता रे, मनोज माथुर गोविन्द चले आओ गोपाल चले आओ हे मुरली माधव नंदलाल चले आये, जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। मौके पर अरविन्द चौधरी, नितेश अग्रवाल, आशुतोष भदानी, संतोष लडढा, मनोज चौधरी, राजेन्द्र वर्मा,राहुल सिंह, लखन सिंह, संदीप हिसारिया, आलोक सिन्हा, विष्णु चौधरी, नेतीक अग्रवाल, संजय नरेडी, शोभित पिलानियाॅ, शांति देवी खेतान रिना वर्मा, कुमकुम भदानी, कुसुम चौधरी, कविता पिलानियाॅ, संस्कृति भदानी, ममता बंसल, आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर श्याम महिला मंडल के तत्वाधान में झंडा चौक स्थित दुर्गा मंडप से निशान यात्रा निकाली गई। इसमें एक सुसज्जित वाहन में भगवान श्याम का दरबार लगाया गया था। इस दौरान इस निशान यात्रा में शामिल महिलाएँ हारे का सहारा, श्याम बाबा के नारों से शहर गुंजता रहा। निशान यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए अडडी बंगला रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुँची। जहाॅ कि ध्वजा अर्पण किया गया।

# रोटरी आई चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन बने जयकुमार गंगवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** पार्वती देवी आरएस सर्राफ रोटरी क्लब सभागार में रोटरी आई चैरीटेबल ट्रस्ट की एक बैठक हुई। बैठक में चुनाव पदाधिकारी रो0 सुरेश जैन ने 2023-25 के लिए चुनाव संपन्न करवाया। इसमें नई कमिटि के चैयरमेन जयकुमार गंगवाल उपाध्यक्ष कुमार पुजारा सचिव कैलाश चौधरी, सह सचिव अजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष कमल सेठी चुने गये। नये चैयरमेन जयकुमार गंगवाल ने कहा कि रोटरी का मुख्य उद्धेश्य समाज सेवा है और रोटरी क्लब कोडरमा शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हे और इसी के जरिय नेत्र जॉच भी होती है। इसमें जरूरत मंद और निर्धन लोगों को जॉच कर ऑपरेशन निःशुल्क भी किया जाता है। इसके लिए मोतियाबिंद के लिए कइ शिविर भी लगाये जाते है। बैठक में मुख्य रूप से महेश दारूका, विकास सेठ, राजेन्द्र मोदी, आरआर महर्षि, सुभाष वर्णवाल आदि मौजूद थे।

### डीसी आदित्य रंजन ने नवनियुक्त शिक्षकों को दी जानकारी

# विद्यालय व बच्चों का विकास करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** शिक्षा विभाग, कोडरमा द्वारा कोडरमा स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का 11 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन शामिल हुए। उपायुक्त श्री आदित्य रंजन द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को विद्यालय प्रशासन एवं प्रधानाचार्य के दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय का संस्थागत विकास हो, हमेशा ये प्रयास करना चाहिये ताकि विद्यालय में बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा एवं सकारात्मक वातावरण स्थापित हो। मौके पर उपायुक्त महोदय द्वारा पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के रचनात्मक और गुणवत्तापूर्ण विद्यालय के विकास के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना में विकास लाने का प्रयास करेंगे। उपायुक्त महोदय ने कहा कि आप बच्चों के लिये शिक्षा और सकारात्मकता का स्त्रोत बने। आप एक जिम्मेदार शिक्षक की भुमिका अदा करते हुए स्कूल व बच्चों का विकास करें। मौके पर प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, पीएमयू सदस्य विशाल कुमार, अनुज सिंह, सनी व अन्य मौजूद रहे।

# आजीवन सहयोग निधि संगठन की मजबूती की एक आधारशिला : लक्ष्मण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा कार्यालय, सिमडेगा में आज आजीवन सहयोग निधि की अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। इस बैठक में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजीवन सहयोग निधि संगठन की मजबूती की एक आधारशिला है। किसी भी संगठन की मजबूती के लिए मुख्य रूप से चार मापदंड सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं न्यायिक हैं। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक रूप से भारत के सभी नागरिकों को भारत में सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार दिलाई है, राजनीतिक रूप से हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उनके अधिकार के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं, न्यायिक रूप से भाजपा क्षेत्र में दबे-कुचले,



पीड़ित एवं असहाय लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास करते रही है और संगठन की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की नैतिक जिम्मेदारियों संगठन के कार्यकर्ताओं के ऊपर होती है। सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि वे आजीवन सहयोग निधि का हिस्सा अवश्य बने ताकि भाजपा संगठन के माध्यम से क्षेत्र का चौमुखी विकास हो। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने भी समस्त कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमलोग विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, भाजपा परिवार का अहम हिस्सा है। अर्थ, परिवार की मजबूती का महत्वपूर्ण भाग होता है और मजबूत आर्थिक स्थिति का सीधा संबंध समस्या के निवारण से है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आजीवन सहयोग निधि का हिस्सा अवश्य बने एवं संगठन को मजबूती प्रदान करें।

## नेहरू युवा केंद्र ने किया मिलेट्स फुड मेला का आयोजन

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मिशन लाइफ, पर्यावरण के लिए जीवन शैली कार्यक्रम पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए मिशन लाइफ के प्रचार-प्रसार हेतु जिले भर में विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा हेतु जागरूक किया जा रहा है इसी के तहत अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष को ध्यान में रखते हुए सोमवार को बाजारटांड़ सिमडेगा में एक दिवसीय मिलेट्स फुड मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुनेंद्र दास जिला कृषि पदाधिकारी सिमडेगा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर एवं फुड मेला के स्टॉल पर फीता काटकर उद्घाटन किया गया। अपना उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस क्षेत्र में मड्डुवा,गुंदली,ज्वार बाजरा की खेती कर उसे अपने आहार में नियमित रूप से प्रयोग में लाने की आवश्यकता है ।यह मोटा अनाज विलुप्त होते जा रहा है क्योंकि इन आवाजों के सेवन करने से हमारे शरीर को पोषक तत्व मिलेंगे।

# आरईओ विभाग के सहायक अभियंता सेवानिवृत्त, दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आरईओ विभाग सिमडेगा के सहायक अभियंता बलराम पांडेय 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। इधर सेवानिवृत्त होने पर संवेदक संघ सिमडेगा द्वारा परिसदन में विदाई कार्यक्रम आयोजित करते हुए उन्हें विदाई दी। मौके पर एनडीसी राजेन्द्र प्रसाद सिंह मौजूद रहे।इस मौके पर स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष मिस्टर मोइनुद्दीन के द्वारा दी गई और उनके द्वारा अब तक के किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आवेदक एवं अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य योजनाओं के प्रति हमेशा एक ईमानदारी का मिसाल पेश की है जो कि सदैव याद रखी जाएगी। एनडीसी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने भी उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत सेवानिवृत्त पूर्व से निर्धारित होता है लेकिन जहां पर कार्य करते हैं वहां पर लगाव हो जाता है उन्होंने कहा कि सिमडेगा में आपको सदैव अतिथि के रूप सम्मान मिलेगा। इधर इस मौके पर संवेदक संघ की ओर से बारी-बारी से सभी लोगों ने माला पहनाते हुए उन्हें उपहार दिया तथा संवेदक संघ की ओर से उत्कृष्ट कार्यों को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया मौके पर भावुक होते हुए सहायक अभियंता बलराम पांडे कहा कि सिमडेगा को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा क्योंकि यहां पर जो मुझे कार्य सीखने और लोगों के बीच अनुभव मिला को सदैव याद रखी जाएगी।अध्यक्ष संवेदक संघ सिमडेगा मिस्टर मोइनुद्दीन, सत्यनारायण प्रसाद, सतनारायण गुप्ता, इम्तियाज, अतीक अंजुम, प्रकाश प्रसाद आदि उपस्थित हुए।

# विधायक ने समर कैंप सह युवा सम्मेलन को जमकर सराहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के कोनसकेली में 9वां गोंडवाना समर कैम्प सह युवा सम्मेलन में गुरुवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रुप से शामिल हुई। विधायक ने कहा कि गोंड़ जनजाति समाज द्वारा लगातार नौ वर्षों से आयोजित गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन काबिले तारिफ है। इस आयोजन से समाज के बच्चे अपने समाज के संस्कार, भाषा-संस्कृति, रहन-सहन को बारिकी से जान रहे हैं। इस सम्मेलन से वे बहुत कुछ सिख कर जा रहे हैं। लगातार सात दिनों तक बच्चों को शारिरीक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने की पहल की चर्चा दूर प्रदेशों में हो रही है। अन्य समाज को भी गोंडवाना जनजाति समाज से सिखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की जितनी प्रशंसा की जाय कम है। समाज के लोग संगठित हैं। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज के लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। समाज के लोगों की सेवा के लिए वे हर पल तत्पर है। समाज के लोग अपनी समस्या बताने में झिझक न करें। समाज उत्थान की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवा समाज के दर्पण और बुढ़ापे की लाठी के समान होते हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोराम के अंबापानी में भीषण सड़क हादसे में रनिया निवासी मंजीत होरो एवं अम्बापानी नदी टोली के बेन्यामिन लुगुन गंभीर रूप से घायल हो गया । उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल लाया गया गंभीर रूप से घायल युवको को प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा रेफर कर दिया । दोनो को फिर से रांची रेफर कर दिया। घायल युवक मंजीत होरो रानिया बानो निवासी की मौत रांची ले जाते समय रास्ते मे हो गई। वही बेन्यामिन लुगुन नदी टोली अम्बापानी निवासी का इलाज रांची में चल रहा है। सूचना के मुताबिक मंजीत अपने दोस्त के घर अम्बापानी आया था। दोनो रात में घरमोटरसाइकिल से लौट रहे थे इसी क्रम में ठेठईटांगर से उड़ीसा जा रही अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के सहयोग से ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया।

## पुलिस अंचल निरीक्षक रवि प्रकाश राम ने संभाला पदभार

**कुरडेग ।** कुरडेग अंचल के नये पुलिस निरीक्षक के रूप में रवि प्रकाश राम ने कुरडेग पहुंच कर पदभार ग्रहण कर लिये। इस मौके पर उन्होने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि कुरडेग अंचल के अर्न्तगत कुरडेग , केरसई , बोलबा और रेंगारी थाने आते हैं इन थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था कायम करना मेरी पहली प्राथमिकता है, अपराधिक गतिविधियों में पुलिस की कड़ी नजर रहेगी साथ ही आम जनता के साथ आपसी तालमेल बैठाकर पुलिस पब्लीक के संवंध को और मजबूत किया जाएगा गौरतलब हो इंस्पेक्टर रवि प्रकाश राम सिमडेगा सदर थाना प्रभारी के रूप में कार्य थे जहां पर एसपी सिमडेगा ने इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता को सिमडेगा थाना प्रभारी बनाते हुए उन्हें कुरडेग अंचल निरीक्षक के रूप में पदस्थापित किया है ।

## बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विभिन्न जगहों पर चलाया गया छापेमारी

**सिमडेगा।** श्रम अधीक्षक सिमडेगा पुनीत मिंज की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन हेतु बानो रेलवे स्टेशन, लचरागढ़, कोलेबिरा इत्यादि क्षेत्र के होटल, ढाबा, ईट भट्ठा, गैरेज आदि में अचौक छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में सुदामा गैरेज लचरागढ़ से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बाल श्रमिक को विमुक्त कराने के पश्चात बाल श्रमिक को सीडब्ल्यूसी सिमडेगा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत दोषी नियोजक पर प्राथमिकी दर्ज कराने की कारवाई श्रम अधीक्षक द्वारा की जा रही है। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया लिए भी आने वाले दिनों में भी बाल श्रम उन्मूलन हेतु छापेमारी की जायेगी। रेस्क्यू टीम में श्रम अधीक्षक सिमडेगा पुनीत मिंज, श्रम विभाग के बड़ा बाबू विजय शंकर मैढ़, डीसीपीयू यूनिट के रुद्र नारायण सिंह, चाइल्ड लाइन के सखी बड़ाइक, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के निरंजन कुमार शामिल थे।

## बोलबा प्रखंड में जेएसएलपीएस की मासिक बैठक

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में जेएसएलपीएस के कैडरों का लवलीहुड बीआरपी, जेंडर सीआरपी, एवं सेतु दीदी का मासिक समीक्षा बैठक किया गया । जिसमें प्रथम तिमाही कार्य प्रगति एवं प्लानिंग पर चर्चा किया गया। इस मौके पर एसएमआईबी एफआई, सोशल डेवलपमेंट, आजीविका गतिविधि आदि विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रबंधक वित्तीय समावेशन तेज कांडुलना, बीपीएम अरुण लाकड़ा, चंदन कुमार, सभी क्लस्टर कॉडीनेटर, सभी लाइवलीहुड बीआरपी, सभी जेंडर सीआरपी, एवं सेतु दीदी उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर अंजुमन इस्लामिया की चुनाव आज

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर अंजुमन के पदाधिकारियों का चुनाव वोट के माध्यम से आज शाम 5 बजे से वोट डालने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। वोट सम्पन्न होने के कुछ ही देर बाद मतगणना होगी और फिर परिणाम की घोषणा की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए चुनाव हेतु गठित समिति ने बताया कि 29 मई तक इच्छुक लोगों से दावेदारी पेश करने की समय दी गई थी और फिर 30 व 31 मई तक नामांकन वापस लेने का समय दिया गया था। निर्धारित समय के बाद कुल 3 पद के लिए 6 उम्मीदवारों की दावेदारी पेश हुई, जिसमें सदर के लिए हाजी अशफाक आलम व एहतेशाम आलम, सेक्रेटरी पद के लिए महमूद अंसारी व मो शकील,कोषाध्यक्ष पद के लिए कमरुजमा व मो हलीम शामिल है। समिति ने बताया कि कुल मतदाता संख्या 119 है।

## बानो में किसानों के बीच बीज का वितरण

**बानो।** प्रखण्ड के चयनित किसानों के बीच उन्नत किस्म का बादाम बीज का वितरण किया गया । बीटीएम सुनील समद ने बादाम की खेती के बारे में जानकारी देते हुए कहा बादाम की खेती से किसान अच्छी आमदनी कमा सकते हैं।बादाम की खेती के लिये खेतों की जुताई अच्छी तरह से कर ले ।बादाम की अच्छी हो इसके लिये। कोडाई आवश्यक है। बादाम की खेती के लिए बलुवाही मिट्टी उपयुक्त है।खरीफ फसल में मूंगफली की फसल में खरपतवारों का प्रकोप अधिक होती है। दीमक के बचाव के लिये खड़ी फसल में 4लीटर क्लोरोपैरिफॉक्स 20 ई सी प्रति हेक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दे ।भौवा पिल्लू फसल को काफी नुकसान पहुचाते है।दवाई का घोल 2-3बार स्प्रे करना चाहिए।बादाम का बितरण मुखिया मिंसी लीना तिर्की ,आलोक बारला ,लूथर भुइयाँ की उपस्थिति में की गई।मौके पर ए टी एम श्याम कुमार, अब्दुल्ला एहरार आदि लोग उपस्थित थे।

## तामड़ा के चिकसुरा में जन भावना फाउंडेशन ने किया ग्रामीणों के बीच बैठक

**सिमडेगा।** प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के चिकसुरा गांव में जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले शिविरआयोजित की गई। शिविर में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि इस फाउंडेशन का लक्ष्य आपका साथ हमारा प्रयास के तहत हर हाथ हुनर एवं जन जन को रोजगार मिले ।सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुंचाने का कार्य जन भावना फाउंडेशन कर रही है शिविर में कुल 144 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 31 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 113 लोगों ने पंजीकरण कराया। मौके पर आनंद बड़ाईक, बिरसा मांझी, शिव शंकर सिंह, बरमेश टोप्पो, एनिस केरकेट्टा संदीप बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

**लोगों में खुशी** — बैंक ऑफ इंडिया ने 20 शाखाओं में अभियान चलाकर 309 ग्राहकों को जोड़ा

# 37 लाभुकों के बीच बांटे 1.25 करोड़ की परिसंपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**झूमरी तिलैया।** बैंक ऑफ इंडिया ने जिले भर की 20 शाखाओं में दो दिवसीय अभियान चलाकर 309 ग्राहकों को डिजिटल मोबाइल बैंकिंग से जोड़ा गया तथा 224 अटल पेंशन योजना के खाते खोले गए। यह जानकारी अग्रणी जिला प्रबन्धक अजय कुमार राणा ने दी। उन्होने बताया की समाज के अंतिम व्यक्ति को बैंकिंग सेवा से जोड़ना मुख्य लक्ष्य है और केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का लाभ ग्राहकों को मिले इसके लिए 30 और 31 मई को कैंप के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ा गया जिले की 20 बीओआई शाखा के द्वारा 40 पंचायत भवनों में शिविर लगाया गया तथा इस दौरान 37 लभूकों के बीच 1.25 करोड़ की परिसंपति का वितरण भी किया गया। वित्तीय समावेशन पर इस दौरान जोर भी दिया गया सामाजिक सुरक्षा योजना की जानकारी भी ग्राहकों को दी गई शुन्य राशि में 354 खाते जन धन योजना के खोले गए । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में 436 रु वार्षिक प्रीमियम के तहत 532 ग्राहकों को जोड़ा गया तथा 20 रु प्रीमियम में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 696 ग्राहकों को जोड़ा गया इस योजना में ग्राहकों को किसी तरह का नुकसान होने पर 2 लाख की राशि दी जाती है । इधर शिविर में डोमचांच के शाखा प्रबन्धक संदीप कुमार ,कोडरमा वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक रुचि रश्मि,चंदवारा के शाखा प्रबन्धक सन्नी कुमार , हिरोडीह शाखा प्रबन्धक अजित चौरसिया , बासोडीह शाखा प्रबन्धक आलोक कुमार ,मरकच्चों शाखा प्रबन्धक संतोष आनंद ,उप प्रबन्धक झुमरी तिलैया ओमकार कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए।



